# बैठक

दिनाँक–05.01.2024

प्राचार्य महोदय के कार्यालय ज्ञाप के अनुसार आज दिनांक–05/01/2024 को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) आयुष मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के भारत का राजपत्र अधिसूचना 29.12.2023 अनुसार लागू महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के सुलभ संचालन एवं प्रशासनिक व्यवस्था शिक्षा के गुणवक्ता सुधार हेतु विभिन्न सेल का गठन की व्यवस्था/आदेश/निर्देश दिये गये है।

आज की बैठक मुख्य रूप से निर्देशित प्रकोष्ट (cell) के गठन हेतु आहुत की गयी है महाविद्यालय के समस्त शिक्षणेत्तर पदाधिकारियो एवं चिकित्सालय के पदाधिकारियों तथा प्रशासनिक स्तर पर कार्यरत पदाधिकारीयों को मिलाकर निर्देशित cell का गठन होना है। प्राचार्य महोदय द्वारा उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को बैठक में भाग लेने पर आभार व्यक्त करते हुए बैठक प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की गयी ।

प्राचार्य महोदय द्वारा जिन प्रकोष्ठ का गठन किया जाना है वह निम्न है।

(1) Human Resources Development Cell
(2) Research and Innovation Cell
(3) Internal Quality Assurance Cell
(4) College Council
(5) Conduction of Co-curricular and extra- curricular activity
(6) Grievance Redressal Cell
(7) Committee Against Sexual Harassment
(8) Pharmacovigilance Cell.

उपरोत्त उल्लेखित समितियों(Committee) / प्रकोष्ठ (Cell) का गठन प्रक्रिया दिशा निर्देश के अनुसार प्रारम्भ हुई। उपरोत्त समितियों की स्थापना आज दिनांक से माना जायेगा।

उपस्थित समस्त पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न समितियों के गठन, उसका रूप रेखा,कार्य–संपादन पर विचार विमर्श के उपरान्त सभी समितियों का गठन किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी समितियोंके पदाधिकारी व सदस्य चयनित कर लिये गये और तैयार सूची पर सभी ने सहमति सहित हस्ताक्षर कर दिया गया।

सभी समितियों के गठन का अनुमोदन सर्वसम्मति करने के पश्चात् बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य एवं अधीक्षक महोदय द्वारा सहृदय से सभी का आभार व्यक्त करते हुए आज की बैठक समाप्त करने की घोषणा कर दी गयी।

05.01.2024
प्राचार्य एवं अधीक्षक
अध्यक्ष
Principal/Supdt.
S.G.M.Unani Medical College & Hospital
Saheri,Ghazipur-233302 (U.P.)